तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 सुरक्षा नियमों का पालन ही नहीं, कर्मचारियों की जिम्मेदारी का हिस्सा भी है : ईडी



### इसमें भी 2 लाख 34 हजार 501 उज्जवला सिलेंडर, याने गरीबी रेखा से नीचे

# जिले के पांच लाख से अधिक घरों में अभी भी चूल्हे या ब्लैक के सिलेंडर से पकता है खाना

**केवल 3 लाख 37 हजार 25 उपभोक्ताओं के पास ही है सिलेंडर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस दौर में भी जिले के करीब पांच लाख परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में चूल्हे या फिर ब्लैक के सिलेंडर से खाना पकता है। हीटर या इंडक्शन का उपयोग भी करते हैं, लेकिन अधिकांश घरों में चूल्हे से ही खाना पकता है। यह हम नहीं बल्कि फूड विभाग का आंकड़ा ही कह रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक जिले में केवल 3 लाख 37 हजार 25 उपभोक्ताओं के पास ही है सिलेंडर है। दिलचस्प बात यह भी है कि इसमें से 2 लाख 34 हजार 501 उज्जवला सिलेंडर है। याने देखा जाए तो केवल 1 लाख 1 हजार 524 घरों में ही सामान्य सिलेंडर है। जबकि केवल नगर निगम क्षेत्र के 48 वार्डो के मकानों की संख्या की बात करें तो 36 हजार से अधिक है। वहीं गांवों में करीब सात लाख परिवार निवास करते हैं। ऐसे हालातों में पांच लाख से अधिक परिवार तो अभी भी चूल्हा, हीटर या फिर इंडक्शन पर ही निर्भर हैं। अविभाजित रायगढ़ जिले की जनसंख्या 2011 के मुताबिक 14 लाख 93 हजार 984 है। विभाजित होने के बाद 11 लाख 12 हजार 982 है। याने सारंगढ़ जिले के दो ब्लॉक बरमकेला और सारंगढ़ की जनसंख्या 3 लाख 81 हजार 2 है। इसी तरह परिवारों की संख्या पर गौर करें तो 11 हजार 12 हजार 982 के करीब है। इसमें शहर में 36 हजार के आसपास मकान हैं। गांवों में सात लाख के करीब घर हैं। इसमें से एक परिवार में एक कार्ड के हिसाब से भी देखे तो भी केवन तीन लाख कार्डधारी ही हैं। इसमें दो लाख 34 हजार उज्जवला कार्डधारी हैं। बाकी के पास कोई गैस कार्ड नहीं है। जिनके पास गैस कार्ड नहीं है उनमें भी अधिकांश लोग गैस सिलेंडर से ही खाना बनाते हैं, लेकिन सिलेंडर ब्लैक में लेते हैं। यदि सिलेंडर नहीं लेते तो हीटर, चूल्हा और इंडक्शन ही विकल्प है।

**गांवों के गैस एजेंसी केवल उज्जवला के भरोसे**

गांवों में संचालित गैस एजेंसी केवल उज्जवला योजना के भरोसे ही चल रहे हैं। जिले में 2 लाख 34 हजार 501 कार्डधारी उज्जवला के हैं। ऐसे में गांवों के गैस एजेंसिया इसी के भरोसे चल रही है। हालांकि यहां भी अधिकांश लोग दूसरे को दे देते हैं। खुद महंगाई के कारण रिफलिंग ही नहीं कराते हैं। लोग होटल में कार्ड दे देते हैं, उसके बदले कुछ राशि ले लेते हैं।

**30 गैस एजेंसिंया संचालित है**

जिले में 30 गैस एजेंसियां संचालित हैं। इसमें सबसे ज्यादा रायगढ़, खरसिया और धरमजयगढ़ में 6-6 एजेंसिंया हैं। बाकी ब्लॉकों में कहीं दो तो कहीं तीन एजेंसी है। इन एजेंसियों में 337025 उपभोक्ता हैं।

**ऐसे हैं जिले में कार्डधारी**

| | | |
|---|---|---|
| सिंगल | - | 56279 |
| डबल | - | 66949 |
| व्यावसायिक | - | 1235 |
| उज्जवला | - | 234501 |
| कुल | - | **337025** |



## 65 महिलाओं को छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान

**रायगढ़।** वृंदावन हॉल में सामाजिक संस्था नव.उम्मीद द्वारा समाज, शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन और सामाजिक सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 65 महिलाओं को छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण सम्मान और 12 स्वसहायता समूहों को श्महतारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 22 जिलों से आई महिलाओं को स्मृति चिन्ह, मेडल, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान दिया गया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कार्यक्रम में 20 वर्षों से सेवा देने वाले सदस्यों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी सुरेखा चौबे, एडिशनल एसपी शबनम खान, आयुष्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ.जे जय रेखा और समाजसेविका सुषमा तिवारी उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप



### वार्ड 9 में बनेगा शिव मंदिर 8 लाख आएगी लागत

**रायगढ़।** वार्ड क्रमांक 9 नावागढ़ी मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर के विकास कार्यों का आज विधिवत पूजा.अर्चना कर मेयर जीवर्धन चौहान ने भूमिपूजन किया। शिव मंदिर में लगभग 8 लाख 63 हजार की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों में मंदिर परिसर में शेड निर्माण, चबूतरा निर्माणए वॉल एवं फर्श में टाइल्स लगाना, मंदिर परिसर में समुचित लाइट व्यवस्था तथा मंदिर के बाहर अतिरिक्त चबूतरा निर्माण शामिल है। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि शिव मंदिर लगभग 300 वर्ष पुराना है और क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। महापौर श्री चौहान ने करीब एक वर्ष पूर्व चुनाव के दौरान मंदिर के विकास की घोषणा की थीए जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमित शर्मा ने कहा कि मंदिर के विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और इससे क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने महापौर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शहर में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं।

### नाबालिग कर रहा था गांजा परिवहन, 5 किलो जब्त



**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने स्कूटी से गांजा परिवहन कर रहे विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा है। ग्राम जमुना की ओर से टीव्हीएस स्कूटी क्रमांक ओडी 31 पी 0646 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राम पाकरगांव की ओर आने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी लैलूंगा ने अपने स्टाफ के साथ ग्राम पाकरगांव अटल चौक के पास घेराबंदी की। स्कूटी को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर वाहन चालक भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। एनडीपीएस एक्ट के स्कूटी की तलाशी ली गई, प्लास्टिक पन्नी में गांजा मिला। अपचारी बालक ने बताया कि वह ओड़िशा सा के लेफरीपारा से गांजा लोकर बिक्री करता है। बरामद मादक पदार्थ का वजन 5 किलो 100 ग्राम है। कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार आंकी गई है। लैलूंगा पुलिस ने धारा 20, बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### पुलिस ने किया 9 लाख का अवैध कबाड़ जब्त

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने 12 चक्का अवैध कबाड़ लोड ट्रक को पकड़ा है। पुलिस टीम द्वारा गेरवानी स्थित अमरजीत ढाबा के सामने रोड पर घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक ओआर 07 डब्लू 8355 को रोका गया। वाहन चालक ने अपना नाम राजेश यादव पिता गया प्रसाद यादव 20 निवासी नसरतपुर थाना धनवां जिला पटना बिहार बताया। ट्रक में लोड कबाड़ का कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। वाहन में लोड सामग्री चोरी का होने के संदेह पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए ट्रक क्रमांक सीजी 07 डब्लू 8355 कीमत लगभग 9 लाख एवं उसमें लोड 22.75 टन अवैध स्क्रेप कबाड़ कीमत लगभग 9 लाख करीब 18 लाख रुपए का माल जब्त कर कब्जे में लिया गया। आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 35 क,ड बीएनएसएस एवं 303,2 बीएनएस के तहत अपराध पाए जाने पर इस्तगासा तैयार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

## चोरी की बाइक बरामद, महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने अस्पताल से चोरी मोटरसाइकिल के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भसी है। प्रार्थी मुकुटमणी चौहान, लुकापारा थाना सरिया, ने बीते 16 मार्च को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था। 15 मार्च को अपनी पत्नी के इलाज के लिए जिला अस्पताल आया था। मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 बीए 0815 को अस्पताल के स्टैंड में हैंडल लॉक कर खड़ा किया था। शाम करीब 6 बजे लौटने पर मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली।



अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान कुछ संदेहियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। इसके आधार पर पुलिस ने शिव सारथी, शंकर मिंज एवं रश्मि भारद्वाज सारथी की पहचान कर उनके निवास स्थान टीव्ही टावर, विनोद पान ठेला के पास दबिश दी और तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 15 मार्च को अस्पताल परिसर से मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर उसे चोरी किया और घर में छिपाकर रखा थाए ताकि बाद में बिक्री कर सकें। आरोपी शिव सारथी के निशानदेही पर चोरी की गई हीरो ग्लैमर एक्स टेक मोटरसाइकिल कीमत लगभग 50 हजार रुपए बरामद कर जब्त की गई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## अंधे कत्ल का खुलासा, दोस्त ही निकला हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मिलूपारा सिदारपारा नहर पार में चौकीदार की संदिग्ध मौत मामले में तमनार पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। मृतक का साथी ही हत्यारा है, जिसने हत्या के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी कहानी गढ़ी थी।

घटना बीते 9 मार्च की रात की है। 10 मार्च की सुबह बिजली कंपनी के टावर में चौकीदारी करने वाले लखन उर्फ धरभईया चौधरी 46 का शव खेत की मेड़ पर पड़ा मिला था। तमनार पुलिस ने मौके पर पहुंची। मृतक का साथी अजहर अली 63 ने बताया कि मृतक उसका साथी लखन उर्फ धरभईया चौधरी पिता बतासू 46 निवासी नूतन कालोनी थाना कोतवाली जिला माल्दा टाउन पश्चिम बंगाल हाल मुकाम ग्राम खम्हरिया किराया मकान में रहने वाला है। मृतक का शव खेत के मेड में पडा हुआ मिला जिसके मुंह, नाक, चेहरे गले एवं शरीर के अन्य हिस्सो में चोट से मौके हत्या का अपराध कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हत्या की आशंका पर तत्काल धारा 103, 1 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गई। पूछताछ में मृतक का साथी और मुख्य साक्षी अजहर अली ने खुद को प्रत्यक्षदर्शी बताते हुए घटना 9 मार्च के रात में टावर के समानों की चौकीदारी करते साथी लखन उर्फ धरभईया अलग अलग तम्बू में



ड्यूटी कर रहे थे । रात साढ़ेक 8 बजे खाना खाने के बाद तम्बू के बाहर अंधेरे में टावर की तरफ कुत्ता भौकने की आवाज आने पर टार्च मारा तो देखा कि टावर से लगे रस्सी को एक आदमी टांगी से काट रहा था। साथी लखन को 4.5 आदमी आये और पकड लिए। मना किया तो मारपीट किए। जंगल तरफ छिपा उसी दौरान वे लोग लखन को पकड कर ले जा रहे थे। झाडी में छुपकर घटना के बारे में सुपरवाईजर को बताया दूसरे दिन 10 मार्च के सुबह तम्बू के 5-6 सौ मीटर दूर में लखन का शव पड़ा मिला। पूछताछ में अजहर अली अपना बयान बदल बदल कर घटना के संबंध में नई नई बात बताने लगा कोई नयी बात बताता था। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने मामले को होमीसाइडल बताकर मृतक के मुंह में एक प्लास्टिक का टुकडा होना बताया, संभवतः जिस वस्तु से मृतक को चोट पहुंचाई गई थी, उसी का हिस्सा टुकड़ा था, पुलिस टीम ने इस ओर जांच को बढाया। पुलिस की जांच हर बार प्रार्थी अजहर अली पर जाकर रूक जाती अब पुलिस ने वैज्ञानिक तरीकों से पूछताछ किया गया जिस पर अजहर अली ने घटना दिन समय को आरोपी की हत्या करना स्वीकार किया।

## बोदाटिकरा में अवैध कब्जा: अधिकारी खेलते रहे रिपोर्ट-रिपोर्ट, उधर माफिया ने कर दिया खेल


[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]
पूरी जानकारी होने के राजस्व विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई
सरकारी प्रोजेक्ट के लिए जमीन के लाले, इधर बोदाटिकरा की खाली जमीन में बस चुकी है पूरी बस्ती



**नहीं होगी कार्रवाई**

अब तक सरकारी जमीन पर हुए कब्जा को हटाया ही नहीं गया है। ऐसे में उम्मीद यहां भी हटाने की नहीं है। यदि हटाना होता तो पहले ही हटा देते, क्योंकि यहां घर बनाने की जानकारी तहसीलदार को था। दो साल पहले पटवारियों ने यहां घर बनने की रिपोर्ट दी थी, लेकिन कार्रवाई के लिए अधिकारियों ने ध्यान ही नहीं दिया। इसके कारण वहां करीब तीन एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा हो गया है। एक करोड़ से अधिक में यहां की जमीनों का सौदा होने की जानकारी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अधिकारी खेलते रहे रिपोर्ट-रिपोर्ट और उधर बोदाटिकरा में तीन एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा हो गया। अब पटवारी से जांच प्रतिवेदन मांग रहे हैं। यहां दो साल से जब बस्ती बसा रहे थे तो अधिकारियों को कुछ नजर नहीं आया। हालात यह है कि भू-माफिया सरकारी जमीन बेच कर मालामाल हो गए हैं। करीब एक करोड़ की सरकारी जमीन का सौदा हो चुका है। बोदाटिकरा में करीब तीन एकड़ सरकारी जमीन पर पूरा कब्जा हो चुका है। इसकी भनक तक मुख्यालय में बैठे एसडीएम और तहसीलदार को नहीं लगी। ऐसे में धीरे-धीरे पूरी सरकारी जमीन पर करीब 47 घर बन चुके हैं। हरिभूमि ने इस खबर को 18 मार्च को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद कलेक्टर ने प्रतिवेदन देने कहा है। ऐसे में एसडीएम और तहसीलदार ने संबंधित पटवारी से जांच रिपोर्ट मांग है। एसडीएम महेश शर्मा ने जांच कराने की बात कही है।

## मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**रायगढ़।** सत्तीगुड़ी चौक मस्तागली में घर घुसकर मारपीट एवं तोड़फोड़ करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों को गिरफ्तार कर गैरजमानतीय धाराओं में रिमांड पर भेजा है। 14 मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे जब घर में सो रहे थे, उसी दौरान 3 अज्ञात युवक जबरन दरवाजा खोलकर घर के अंदर घुस आए और स्टाफ से गुलदस्ता मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।



शोर सुनकर प्रार्थी नीचे आए और समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी आक्रोशित होकर मारपीट करते हुए घर के दरवाजों में तोड़फोड़ करने लगे । आसपास के लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी घर से भाग गए । मामले में एक आरोपी का कुन्नू निवासी राजीवनगर का नाम सामने आने के बाद कोतवाली में धारा 296, 331,4ए 351,3ए 324,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी देवसिंह चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अपने 5 अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके आधार पर प्रकरण में बलवा की धारा 191,2 बीएनएस जोड़ी गई। पुलिस द्वारा आरोपी देवसिंह चौहान 26, आशीष सिंह ठाकुर 24, आदित्य श्रीवास 25, देवकुमार चौहान 20, जयकिशन यादव 23 एवं साहिल सिंह ठाकुर 21 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेजा गया है।

### निगम की टीम ने चस्पा किया नोटिस पांच संस्थान सील

# बंद जूटमिल की होगी कुर्की, निगम का बकाया है 26 लाख टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





बंद जूटमिल को नगरनिगम कभी भी कुर्क कर सकती है। कारण नगरनिगम का करीब जूटमिल पर 26 लाख 38 हजार 418 रुपए संपत्ति कर बकाया है। इसके लिए बुधवार को जूटमिल के गेट पर निगम की टीम ने नोटिस चस्पा कर दिया है।

यदि मार्च के आखिरी तक टैक्स जमा नहीं हुआ तो निगम जूटमिल के संपत्ति को कुर्की कर सकती है। हालांकि अब तो जूटमिल बिक चुकी है और इसके करीब 12 खरीददार हैं। ऐसे में जूटमिल के खरीददार ही इसका भुगतान कर सकते हैं। दूसरी ओर ईएसआईसी ने भी करीब दो महीने पहले 10 करोड़ 42 लाख 48 हजार 27 रुपए का रिकवरी नोटिस चस्पा किया था। इसमें रायगढ़ प्रोजेक्ट के दो भागीदार और एक अन्य के नाम पर नोटिस चस्पा किया गया था। अब निगम ने इनकी टेंशन बढ़ा दी है।

बुधवार को जूटमिल पर कुर्की नोटिस चस्पा करते हुए बड़ी कार्रवाई की गई। लंबे समय से बकाया संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर एवं यूजर चार्ज नहीं चुकाने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए निगम की राजस्वए अतिक्रमण, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पेट्रोल पंप सहित पांच दुकानों को सील कर दिया। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा निगम के सभी तरह के टैक्स वसूली को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के दौरान उन्होंने बड़े बकायेदारों को सूचीबद्ध करने और उन्हें लगातार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। नोटिस जारी करने के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने वालों पर कुर्की नोटिस चस्पा करने के साथ दुकानों एवं संस्थाओं को सील करने की कार्रवाई करने निर्देशित किया गया था। निर्देश के तहत आज निगम की संयुक्त टीम ने सुबह के समय जूटमिल पर कुर्की नोटिस चस्पा किया। जूटमिल पर 26 लाख 38 हजार 418 रुपए संपत्ति कर बकाया है।

**पेट्रोल पंप सील**

निगम की टीम ने गोरखा पतरापाली चौक स्थित सुनील गर्ग के पेट्रोल पंप को सील कर दिया है। पेट्रोल पंप संचालक सुनील गर्ग पर 11 लाख 68 हजार 510 संपत्ति सहित अन्य कर बकाया था। इसी तरह भगवानपुर स्थित मुन्ना पिता अब्दुल कलीम के संस्थान पर 1 लाख 40 हजार से ज्यादा, गौरंग सिंह सिदार के संस्थान पर 2 लाख 32 हजार से ज्यादा, चक्रधर नगर के कबाड़ी दुकान संचालक अब्दुल सत्तार पर 2 लाख 27 हजार से ज्यादा एवं बाजीराव पारा मस्जिद के सामने संचालित नंदु सतनामी केयर ऑफ प्रकाश पिता घनश्याम अग्रवाल के संस्थान पर कुर्की नोटिस चस्पा करते हुए सील किया गया। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर संबंधित संपत्तियों पर कुर्की नोटिस चस्पा किया गया है। नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की।

**खबर संक्षेप**

## मिलेट्स के पोषण गुणों से विद्यार्थी हुए रूबरू

**सूरजपुर।** रूसा के तत्वावधान में शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्री अन्न फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसपी त्रिपाठी रहे। फेस्टिवल के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मिलेट्स उत्पादों एवं मिलेट्स से निर्मित विविध खाद्य पदार्थों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि वे स्वयं अपने दैनिक जीवन में मिलेट्स का नियमित उपयोग करते हैं और आंध्रप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के किसानों से मिलकर इसके व्यापक प्रचार-प्रसार में सक्रिय रूप से जुटे हैं। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए मिलेट्स का उपयोग अत्यंत आवश्यक है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अनेक बीमारियों से रक्षा करता है। शासकीय राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के कृषि विभाग के डीन डॉ. एसके सिन्हा ने मिलेट्स की कृषि परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिलेट्स लगभग 7 हजार वर्ष पुरानी कृषि परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

## हत्या के बाद शव को फेंका डबरी में, चार गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आपसी विवाद में आरोपी ने पहले युवक की हत्या की और फिर अपने साले के साथ मिलकर युवक के शव को डबरी में फेंक दिया। इतना ही नहीं अपने बेटे के अपराध को छिपाने और साक्ष्य छिपाने के लिए आरोपी के माता-पिता ने घर में गिरे खून को साफ करने के साथ ही गोबर से लिपाई कर दी। बता दें कि उदयपुर विकासखंड के हनुमानगढ़ निवासी शीतल कुमार का शव 16 मार्च को थाना क्षेत्र के पोतका में एक डबरी में मिला था।

### मातृ शिशु मृत्यु दर रोकने संस्थागत प्रसव को दें बढ़ावा

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी लाने पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण मुक्ति, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान कार्ड सैचुरेशन, जिले के विशेष प्रोजेक्ट स्वास्थ्य मितान, पीवीटीजी हेल्प डेस्क, रिचिंग एवरी डिलीवरी, आईआईटी बॉम्बे पोषण मिशन तथा मानव संसाधन की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

- कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लक्षित योजनाओं एवं सेवाओं का पूरी तत्परता से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री व्यास ने कुपोषण को दूर करने बड़ी पहल की। उन्होंने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों के कुपोषण मुक्ति के लिए उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र लाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रति बच्चे 100 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।



### कराएं शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव

कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। शिशु मातृत्व मृत्यु दर रोकने एवं बेहतर देखभाल के लिए स्वास्थ्य अमला सतर्क रहे। प्रसव की निर्धारित तिथि नजदीक आने पर मितानिन रोजाना घर जाकर गर्भवती महिला का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्थिति की जानकारी लें। हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर विशेष स्वास्थ्य परीक्षण, समुचित देखभाल एवं उचित समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए लोगों को अस्पताल में ही सुरक्षित प्रसव कराने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रचार-प्रसार को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य एवं मानव संसाधनों को दुरुस्त करने, दवाइयों की उपलब्धता, आवश्यक टेस्ट एवं सी सेक्शन की सुविधा को सुचारू रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माह में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एवं सीडीपीओ संयुक्त बैठक में शामिल होकर मातृ शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, ओपीडी-आईपीडी तथा जन्म-मृत्यु दर की समीक्षा करें।

यह प्रोत्साहन राशि जीवन दीप समिति की ओर से वहन किया जाएगा। उन्होंने बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने एनआरसी में बेड ऑक्यूपेंसी दर बढ़ाने के निर्देश दिए। जिससे एनआरसी में अधिक से अधिक गंभीर कुपोषित बच्चों का समुचित इलाज जा सके एवं पूरक पोषण आहार भी प्रदान किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए सघन अभियान चलाया जाए। सभी आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुले यह सुनिश्चित करें तथा सीडीपीओ समय-समय पर इनका निरीक्षण अवश्य करें।

### कम परफार्मेंस पर जताई नाराजगी

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य मानव संसाधन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही आरोग्य मेला, टेली मेडिसिन, टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग, आउटरीच गतिविधि, एनसीडी जांच, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, आरबीएसके, मलेरिया नियंत्रण, सिकल सेल, पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन आदि की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के गंभीरता पूर्वक संचालन करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। कई स्थानों पर आवश्यकता से अधिक चिकित्सा स्टाफ मौजूद होने एवं उसके अनुरूप डिलीवरी, ओपीडी और स्वास्थ्य सेवाएं कम मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई तथा कम स्टाफ वाले स्थानों पर मानव संसाधन को आवश्यकतानुसार शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

### सभी अस्पतालों में सक्रिय रहे एंबुलेंस

कलेक्टर ने बैठक के दौरान जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 108, 102 एंबुलेंस तथा मुक्तांजलि वाहनों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी जगह एंबुलेंस का सक्रिय संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे आपातकाल में किसी भी मरीज को असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही जिले में पीएम जनमन योजना अंतर्गत प्राप्त 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट को सक्रिय रखते हुए रूट चार्ट बनाकर पीवीटीजी क्षेत्रों में नियमित रूप से संचालन करते हुए लोगों का स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करने के निर्देश दिए।

# अवैध उत्खनन करते जेसीबी मशीन जब्त



**जशपुरनगर।** वनमण्डल जशपुर द्वारा वनभूमि के संरक्षण हेतु सतत अभियान चलाते हुए अवैध उत्खनन, वनों की अवैध कटाई एवं तस्करी के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार के निर्देशन में वन अमला पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है।

- संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज

इसी क्रम में वन विभाग को ग्राम सरबकोम्बो के समीप अवैध उत्खनन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग टीम के द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद कराया तथा एक जे.सी.बी. मशीन जप्त की गई है। साथ ही संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 मार्च को वन परिक्षेत्र बगीचा अंतर्गत बगीचा-चराईडांड मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम सरबकोम्बो के समीप कक्ष क्रमांक 1373, मुसघुटरी वनखण्ड में बिना किसी सक्षम अनुमति के जे.सी.बी. मशीन के माध्यम से अवैध उत्खनन किया जा रहा था। जो कि वन अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। सूचना प्राप्त होते ही वन परिक्षेत्राधिकारी बगीचा यशस्वी मौर्य अपने दल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं एवं अवैध उत्खनन कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाया। मौके पर एक बिना पंजीयन क्रमांक की जेसीबी मशीन पाई गई। स्थल पर उपस्थित जेसीबी चालक ओम प्रकाश दुबे आ. जनेश्वर दुबे, निवासी ग्राम कुमोरंगा, तहसील रामचन्द्रपुर, जिला बलरामपुर से आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया।

## पाकरगांव की छात्रा साक्षी का जवाहर नवोदय स्कूल में चयन



**पत्थलगांव।** एसएम ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल पाकरगांव की छात्रा साक्षी कुमारी साव का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। छात्रा के चयन से स्कूल में खुशी का माहौल है। एसएम ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल पाकरगांव की प्रतिभाशाली छात्रा साक्षी कुमारी साव पिता उमेश साव का चयन प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय में हर्ष एवं गर्व का वातावरण व्याप्त है। साक्षी कुमारी साव ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास से यह सफलता अर्जित की है। इस सफलता में विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन, परिश्रम एवं समर्पण की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय के डायरेक्टर कन्हैया यादव ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साक्षी की यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है।

## कृषि क्रांति एक्सपो 23 से 25 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जिले की महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही हैं। जशपुर जिले के ग्राम सोगड़ा निवासी संजीता एक्का पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर मत्स्य, बत्तख और सुकर पालन से आय के नए स्त्रोत बना रही है। आज वे नवाचार के साथ खेती को लाभकारी बना रही हैं। प्रगतिशील किसान संजीता एक्का अपने पति ईश्वर राम एक्का के साथ मिलकर मत्स्य पालन, बत्तख पालन और सुकर पालन कर रही है जहॉं पहले वे खरीफ में केवल धान की फसल लेती थी वहीं अब उसी खेत में आलू और गेहूं की खेती कर बेहतर उत्पादन ले रही है और लीची के पौधे लगाकर बागवानी की भी शुरुआत की है। संजीता ने बताया कि पहले वे अपने पति के साथ धान की खेती करते थे जिससे उन्हें ज्यादा मुनाफा नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने मत्स्य पालन करना शुरू किया। धान की खेती के अपेक्षा मछली पालन से अधिक लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही बत्तख पालन और सुकर पालन भी कर रहे हैं उससे भी फायदा मिल रहा है। बरसात के सीजन में धान की खेती करते हैं गर्मी के सीजन में आलू और गेहूं की खेती करते हैं और बगवानी खेती के लिए लीची भी लागाए हैं। लीची के पौधे बारिस में मिट्टी का कटाव रोकते हैं। उन्होंने अपने खेत के पास सोलर फेंसिंग लगवाए हैं। उन्होंने बताया कि शासन की अनेक योजनाओं का लाभ लेकर मछली पालन, बतख पालन और सुअर पालन करके अच्छी आमदनी अर्जित करते हैं।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जो 132 मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन है।प्रांतीय आह्वान पर जिला जशपुर के कुनकुरी विकासखंड सहित अन्य विकासखंडों में मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव के नाम ग्यारह सूत्रीय मांगों को चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के रूप में उल्लेख के आधार पर लागू करने के लिए पुरजोर तरीके से अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौपा गया। शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित देने,चार स्तरीय वेतनमान लागू करने,300 दिनों के अर्जित अवकाश नकदीकरण करने, लिपिकों, सहायक शिक्षकों,स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने,शिक्षकों की सेवा गणना नियुक्ति तिथि से करने,नि :शर्त अनुकम्पा नियुक्ति, पंचायत सचिवों के शासकीयकरण,नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं पदोन्नति देने,सेवानिवृति आयु 65 वर्ष करने संविदा एवं कार्यभारित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने आधार बेस अटेंडेंस एवं संविदा नियुक्ति बंद करने की मांग को लेकर कुनकुरी में फेडरेशन के विकासखंड संयोजक अरविन्द मिश्रा, सचिव प्रभु शंकर श्रीवास्तव, उप संयोजक वाई आर कैवर्त,पटवारी संघ के अध्यक्ष प्रवीण तिर्की,राजस्व निरीक्षक संघ से राजेंद्र खुटे, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ से मुकेश सिंह,विकास सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने कुनकुरी एस डी एम नंदजी पांडे को ग्यारह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।






# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



# ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में



पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।

# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***इंपरफेक्ट वुमन :*** *'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

***रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :*** *'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

***अमोर एनिमल :*** *वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना गिलकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

खबर संक्षेप



## नगर उपाध्यक्ष ने बच्चों को पिलाया विटामिन ड्राप

**पुसौर।** शिशु संरक्षण माह चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत नगर उपाध्यक्ष उमेश सावने किया। वे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे जहां इन्होंने दर्जनों बच्चों को सांकेतिक रूप से विटामिन ड्राप पिलाया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत भी पहुंचे थे और इन्होंने भी बच्चों का ड्राप पिलाया। ज्ञात हो कि खंड चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद नायक द्वारा प्रत्येक कल्याणकारी अभियान की शुरूआत स्थानीय जनप्रतिनिधि के हाथों से किया जाता रहा है तात्कालीन समय में जो जनप्रतिनिधि उपलब्ध होते हैं उन्ही के उपस्थिति में वह अभियान होता रहा है।

## एक लाख ऋण से शुरू किया मुर्गा फार्म



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत पाराघाटी की रहने वाली रजनी केरकेट्टा आज आत्मनिर्भरता की एक प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। सीमित संसाधनों के बीच जीवन यापन करने वाली रजनी ने स्व सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपनी सोच बदली, बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत किया। रजनी जीवन ज्योति स्व सहायता समूह से जुड़कर धीरे धीरे सक्रिय हुईं। शुरुआत में वे बैठकों में शामिल होती थीं, लेकिन समूह से मिली जानकारी और सहयोग ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। बाद में उन्होंने सक्रिय रूप से काम करना शुरू किया और अपने पैरों पर खड़े होने का निर्णय लिया। रजनी बताती हैं कि पहले वे घर तक ही सीमित थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्हें कुछ नया करने की प्रेरणा मिली। इसी सोच के साथ उन्होंने अपनी आय बढ़ाने के लिए खुद का काम शुरू करने का निर्णय लिया। उन्होंने ग्रामीण बैंक चरखापारा से 1 लाख रुपए का ऋण लिया और मुर्गा फार्म पोल्ट्री का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में कुछ चुनौतियां आईंए लेकिन मेहनत और लगन से उन्होंने अपने काम को आगे बढ़ाया। आज उनका मुर्गा फार्म सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है और उन्हें इससे नियमित आय प्राप्त हो रही है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वे घर के खर्चों में भी सहयोग कर रही हैं।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार नरसिंह राव उम्र 62 वर्ष पिता स्व. संतराम निवासी वार्ड नं.-03. टेगनापाली, सारंगढ़, तहसील व जिला-सारंगढ-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार एवं उसके भाई नरेन्द्र कुमार एवं बहन मालती अजगल्ले के संयुक्त नाम पर मौजा-सारंगढ, पहनं.-28, तहसील व जिला-सारंगढ़ (छ.ग.) में कृषि भूमि खसरा नंबर-449/5/ख, रकबा 0.061 हे., खसरा नंबर-449/16 शामिल 462/16 रकबा 0.101 हे. खसरा नंबर-449 शामिल 462/1/ग, रकबा 0.067 हे. कुल खसरा नंबर-03 कुल रकबा 0.229 है. (57 डिसमिल) भूमि स्थित है। मेरा पक्षकार नरसिंह राव विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित है मेरे पक्षकार ने मौजा सारंगढ़, स्थित कृषि भूमि को विक्रय करने हेतु राजेश कुमार अग्रवाल पिता-स्व. गिरधारी लाल अग्रवाल निवासी सारंगढ (छ.ग.) के पास सौंदा किया था और उक्त भूमि को बिक्री करते समय अपने भाई नरेन्द्र कुमार एवं बहन मालती अजगल्ले से किसी प्रकार की कोई सहमति नहीं लिया था। उक्त भूमि के खरीदी-बिक्री के संबंध में मेरे पक्षकार एवं राजेश कुमार अग्रवाल के मध्य दिनांक-23.01.2026 को एक 50/- रूपये की स्टाम्प पेपर में विक्रय संविदा पत्र (माहदापत्र) भी निष्पादित किया गया है उक्त विक्रय संविदा-पत्र (माहदापत्र) में केवल मेरे पक्षकार का हस्ताक्षर है एवं उनके भाई बहन का हस्ताक्षर नहीं है। ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि के बिक्री के संबंध में किया गया विक्रय संविदा-पत्र (माहदापत्र) शुरू से ही शून्य है। मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि के खरीदी बिक्री के संबंध में हुये विक्रय संविदा-पत्र (माहदापत्र) को निरस्त किये जाने हेतु क्रेता राजेश कुमार अग्रवाल से निवेदन किया एवं उक्त भूमि के बिक्री के एवज में लिये गये बतौर अग्रिम राशि-1,00,000/- रूपये (एक लाख रूपये) को भी वापस करने का निवेदन किया तो राजेश कुमार अग्रवाल के द्वारा उक्त भूमि के अग्रिम राशि को वापस लेने से इंकार किया जा रहा है चूंकि, उक्त विक्रय संविदा पत्र (माहदापत्र) में मेरे पक्षकार के भाई एवं बहन के द्वारा उक्त भूमि को बिक्री करने के संबंध में किसी प्रकार की कोई सहमति नहीं दी गयी है और उक्त विक्रय संविदा-पत्र (माहदापत्र) में केवल मेरे पक्षकार से ही केवल हस्ताक्षर कराया गया है और इस कारण से उक्त विक्रय संविदा-पत्र (माहदापत्र) शुरू से अवैध एवं शून्यहीन है।

सो सूचना जाने।

दिनांक-17.03.2026
स्थान-बिलासपुर

**तोषन अग्रवाल (अधिवक्ता)**
**जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-9907236288**

### जेपीएल में मनाया गया सुरक्षा सप्ताह, 300 से अधिक कर्मचारी हुए शामिल

# सुरक्षा नियमों का पालन ही नहीं, कर्मचारियों की जिम्मेदारी का हिस्सा भी है : रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर लिमिटेड तमनार में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान सप्ताह भर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नेशनल सुरक्षा सप्ताह का समापन पिछले दिनों हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्लांट हेड व ईडी वेंकट रेड्डी थे। कार्यक्रम में 300 से अधिक कर्मचारी एवं सहयोगी शामिल हुए। प्लांट के ईडी जी वेंकट रेड्डी ने सुरक्षा को बढ़ाने के लिए लोगों को जोड़ने उन्हें शिक्षित करने और सशक्त बनाने के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी और कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों द्वारा निरंतर सुरक्षा मानकों के पालन के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान एचआर हेड संदीप सांगवान ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा शपथ लेना कोई औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर प्रतिबद्धता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे शपथ को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपनाएं तथा उसे अपने दैनिक कार्यों में भी उतारें। इस कार्यक्रम में देशभर से आए सुरक्षा विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं ने अपने नवीनतम सुरक्षा उत्पादों और समाधानों का प्रदर्शन किया। सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छह सहयोगी कर्मचारियों के समूह ने शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।




तकनीकी बारीकियों का जायजा लेते अधिकारी।

**विजेताओं को किया गया सम्मानित**

राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए विजेताओं को कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।



## चैत्र नवरात्र को लेकर शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चैत्र नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पंचायत चंद्रपुर स्थित रेस्ट हाउस परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विनय कश्यप ने की जबकि तहसीलदार चंद्रपुर संजय मिंज के नेतृत्व में आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

- 19 से 27 मार्च तक होने वाले आयोजन के लिए प्रशासन अलर्ट सुरक्षा और व्यवस्था पर विशेष जोर

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र 19 मार्च से 27 मार्च तक नगर में परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान विशेष रूप से चंद्रहासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम विनय कश्यप ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नवरात्र के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने पुलिस विभाग को सतर्कता बढ़ाने, भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त बल तैनात करने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। वहीं तहसीलदार संजय मिंज ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। बैठक में नगर पंचायत के अधिकारियों को साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा लोक निर्माण विभाग को मार्गों की मरम्मत और सुगम आवागमन बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जनपद सीईओ डभरा चंद्रहासिनी मंदिर के न्यासीगण, थाना प्रभारी चंद्रपुर, नगर पंचायत के सीएमओ अनिल सोनवानी, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी, नगर के व्यापारीगण जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने मिलकर चैत्र नवरात्र पर्व को आपसी सहयोग एवं सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## लैलूंगा मंडल में बीजेपी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**रायगढ़।** पंडित दीनदयाल मंडल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत लैलूंगा विधानसभा के राजपुर मंडल में बतौर वक्ता जिला भाजपा संगठन महामंत्री विकास केडिया शामिल हुए। इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं सेवा भाव के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के संकल्प को लेकर सार्थक चर्चा हुई। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति, जनसेवा एवं संगठन विस्तार के विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। ऐसे प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा, दिशा और प्रेरणा प्रदान करते हैं, जिससे संगठन और अधिक सशक्त बनता है।

## शिशु संरक्षण माह में 12 बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों को लगेगा टीका

**रायगढ़।** शिशु संरक्षण माह का जिला स्तरीय शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाँधीनगर में आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को 12 जानलेवा बीमारियों तथा टेटनस से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान जिले के सभी विकासखण्डों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।



इन सत्रों में दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीपी पटेल ने बताया कि विटामिन ए की खुराक प्रत्येक 6 माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार एवं कुपोषण की संभावना कम होती है तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में पार्षद अमरनाथ रात्रे, सुरज मिरी, रोशन कुर्रे, डॉ. सोनाली मेश्राम, डॉ. जीएस पैंकरा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सारंगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक



**घोठला बड़े।** सारंगढ़ जिला श्रमजीव पत्रकार संघ की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के दिशा निर्देश पर संघ की सदस्यता टेलीफोन डायरेक्टरी का वितरण वर्षों से चली आ रही संघ द्वारा पत्रकार भवन हेतु भूमि की मांग और संभाग स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजनों को लेकर बृहद बैठक हुई।

मंच पर प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली सैफी भरत अग्रवाल संरक्षक गोल्डी नायक जिला अध्यक्ष राजमणि केसरवानी एवं ओमकार केशरवानी जिला उपाध्यक्ष कैजार अली जिला कोषाध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष गोपेश रंजन द्विवेदी सहदेव सिदार राहुल पांडे अश्वनी साहू मंचासीन रहे मंच का संचालन जिला प्रवक्ता मुकेश साहू ने किया। ब्लॉक अध्यक्षों ने मंच पर आसीन वरिष्ठ पत्रकार जनों का सम्मान करते हुए रंग गुलाल के साथ तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। जिला अध्यक्ष गोल्डी नायक ने कहा कि निश्चित रूप से संघ के पदाधिकारीयो के मांग पर संभाग स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह व अन्य कार्यक्रम कराए जाएंगे। आज के समय में पत्रकारों की कार्यशाला और जनहित के कार्य पर ध्यान होगा। जिला और ब्लॉक संगठन के द्वारा निरंतर स्वास्थ्य शिविर स्वच्छता अभियान खेलकूद कार्यक्रम पियाऊ घर का शुभारंभ दिव्यांग स्कूल में खाद्य सामग्रियों का वितरण मास्क का वितरण और अन्य पत्रकार हित एवं जनहित के कार्यक्रम करवाए हैं। संघ ने लंबे समय से अपने हर जिलों में पत्रकारों के लिए सर्व पत्रकार भवन की मांग की है। श्रम जीवी संघ जो पूरे भारत देश में और हर प्रदेश में तथा छत्तीसगढ़ के हर जिले में निरंतर विधिवत संचालित हो रहा है। पत्रकार हितों की रक्षा और आम जनता की समस्या के लिए हमारे पत्रकार साथी दूरस्थ अंचल से आकर जिले में आज बड़ी संख्या में पत्रकारिता कर रहे हैं और मुझे गर्व होता है कि हमारे संघ के पत्रकार साथी स्वच्छ छवि के साथ निरंतर पत्रकारिता के क्षेत्र में श्रम कर रहे हैं। जिसमें प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल न्यूज़ और बड़ी संख्या में मीडिया के साथी शामिल रहे।

## वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण, साझा किए अनुभव

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय उपक्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत चयनित औद्योगिक इकाइयों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य इकाइयों के स्वामी, प्रबंधक एवं लेखा विभाग के प्रतिनिधियों को अपनी विवरणियाँ स्वयं ऑनलाइन भरने हेतु प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक निदेशक ऋषभ सिंह श्याम द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी औद्योगिक इकाइयाँ राष्ट्रहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं और निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक इकाई को प्रदत्त आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से विवरणी भरना सरल है तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। सहायक निदेशक उपक्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर प्रखर गुप्ता ने भी सर्वेक्षण की संवेदनशीलता और सटीक आंकड़ों की आवश्यकता पर बल दिया। जिला सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत तकनीकी जानकारी एवं प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे उद्योगों के लिए लाभकारी बताया।



## विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**बरमकेला।** बरमकेला ब्लॉक में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया। फेडरेशन के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी, शिक्षक और अधिकारी शामिल हुए। पूरे आयोजन ने न केवल कर्मचारियों की एकता को प्रदर्शित किया, बल्कि प्रशासन तक उनकी समस्याओं और मांगों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का काम भी किया।

फेडरेशन के नेतृत्व में निकाली गई विशाल रैली ने बरमकेला नगर में आंदोलन की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। रैली में शामिल कर्मचारियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रैली ने आमजन का भी ध्यान आकर्षित किया। जगह जगह लोगों ने इस रैली को देखा और कर्मचारियों की एकजुटता तथा अनुशासन की सराहना की। रैली का स्वरूप इतना व्यापक था कि पूरे क्षेत्र में इसकी गूंज लंबे समय तक सुनाई देती रही। रैली के दौरान कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे अपनी जायज मांगों को लेकर गंभीर हैं और अब उन्हें और अधिक समय तक लंबित नहीं रखा जाना चाहिए। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से कर्मचारियों और अधिकारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें शासन और प्रशासन के स्तर पर लंबित पड़ी हुई हैं, जिनके समाधान को लेकर बार बार ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित पहल नहीं हो सकी है। इसी कारण संगठित रूप से यह शक्ति प्रदर्शन किया गया, ताकि संबंधित अधिकारियों तक कर्मचारियों की आवाज मजबूती से पहुंचे रैली के समापन के बाद फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को एक विशाल ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़ी लंबित मांगों का उल्लेख करते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते समय प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें केवल सुविधा से जुड़ी नहीं हैं।

> अपनी लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने रैली निकालकर प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी है। यदि समय रहते हमारी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आने वाले समय में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।
>
> **नंदकिशोर पटेल**
> **ब्लॉक संयोजक, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, बरमकेला**

## रायकोना गांव का चर्चित महाठग शिवा साहू मामले में 5 और गिरफ्तार



**सरसीवां।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के रायकोना गांव के चर्चित महाठग शिवा साहू का नाम एक बार फिर सुर्खियों में चर्चा है। सरसीवां पुलिस रविवार को शिवा साहू की मदद करने वाले पांच आरोपियों को एक बार फिर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सरसीवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो कार और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है जबकि मुख्य आरोपी शिवा साहू अब तक पुलिस पकड़ से फरार चल रहा है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए अथक प्रयास कर रहे है फिर भी सफल नहीं हो पा रहे हैं।

दरअसल रायकोना गांव का रहने वाला शिवा साहू पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में चर्चित महाठग बना हुआ है, जिसने गरीब लोगों को रुपए ढाई गुना और दोगुना करने का लालच देकर करोड़ों रुपए की ठगी किया है कथित महाठग शिवा साहू मामले में सरसीवां पुलिस ने कार्यवाही कर पहले भी शिवा साहू सहित उनको इस कार्य में साथ देने वाले अनेकों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। और ठगी से अर्जित महंगी गाड़ियां, जमीन के कागजात, सोना चांदी, नकदी समेत कई बैंक खातों को जब्त कर होल्ड करा दिया गया है। जानकारी हो कि न्यायालय से जमानत मिलने के बाद शिवा साहू ने एक और अपराध को जन्म दे दिया बतलाया जाता है कि बैंक कर्मचारियों से सांठगांठ कर फर्जी तरीके से होल्ड किए गए खातों से करीब 21 लाख रुपए फर्जीवाड़ा कर यह रकम शिवा साहू और उसकी कथित प्रेमिका रितु साहू के खातों से निकाली गई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले ही रितु साहूएउसके सहयोगियों व कुछ बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जबकि इसी कड़ी में अब सरसीवां पुलिस ने शिवा साहू के सहयोगी पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रायकोना निवासी दिनेश साहू, योगेंद्र साहू, भिलाई निवासी गोविंदा साहू, चकरदा निवासी तोशराम साहू और राजेश सोनी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दो कार और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। फिलहाल मुख्य आरोपी महाठग शिवा साहू अब भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि सरसीवां पुलिस इस कुख्यात महाठग के गिरेबान तक पहुंच कर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे कब पहुंच रह है।

## अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिक सील

**सक्ती।** बगैर दस्तावेजों के चल रहे 2 क्लीनिक को सील किया गया है। साथ ही बडी संख्या में दवाईयां भी जब्त की गई है। मामला सक्ती एवं टेमर गांव का है। उक्त कार्रवाई नर्सिंग होम एक्ट के तहत की गई है। जिसके चलते अवैध क्लीनिक संचालकों में हडकंप मच गया है। ज्ञात हो कि मंगलवार 17 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर क्लीनिक एवं पैथॉलाजी लैब में जाकर जांच पडताल की। इस दौरान स्टेशन रोड सक्ती स्थित एक मकान में बिना वैध डिग्री और पंजीयन के मरीजों का इलाज करते हुए पाया गया। वहीं ग्राम टेमर क्षेत्र में भी बिना आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और पंजीयन के चिकित्सा कार्य किए जाने की पुष्टि हुई। जांच के दौरान संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

**गुमशुदा की सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मेनका साहू पति धनेश्वर साहू जाति तेली निवासी घर घोड़ा नवापारा वार्ड क्रमांक 9 तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हूं मैं ग्राम नवापारा घरघोड़ा वार्ड क्रमांक 9 में पटवारी हल्का नंबर 22 तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ स्थित खसरा नंबर 217 / 20 रकबा 0.023 हेक्टर भूमि को सुरेश वर्मा आत्मज नाथूराम जाति कुम्हार निवासी रायगढ़ से पंजीकृत विक्रय पत्र की माध्यम से संपूर्ण प्रतिफल राशि को अदा कर खरीदा है और उक्त भूमि पर कब्जा भी कर लिया है उक्त भूमि से संबंधित विक्रय पत्र की दस्तावेज क्रमांक 5 पुस्तक क्रमांक 1 ग्रंथ क्रमांक 27 /2 पृष्ठ क्रमांक 84-101 पंजीयन दिनांक 06-04- 2023 राजस्व तहसील न्यायालय घरघोड़ा में किया गया था तथा उक्त भूमि का विधिवत न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) घरघोड़ा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ राजस्व प्रकरण क्रमांक 202310042 600008/02/ अ-2/2023 24 ग्राम नवापारा तहसील घरघोड़ा दिनांक 14 /12/ 2023 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किया गया है उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र की मूल प्रति कही खो गया गुम गया है जिसकी सूचना मेरे द्वारा थाना घरघोड़ा में दे दिया गया है उक्त खसरा एवं रकबा नंबर की द्वितीय सत्यापित प्रति रजिस्टार ऑफिस घरघोड़ा से प्राप्त कर ली हूं और जिसमें मैं भारतीय स्टेट बैंक घरघोड़ा शाखा कोड 004887 घरघोड़ा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ से हाउसिंग लोन हेतु आवेदन किया हूं किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर भारतीय स्टेट बैंक शाखा में ब्रांच घरघोड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

भवदीय
मेनका साहू पति धनेश्वर साहू
पता- घरघोड़ा नवापारा वार्ड क्रमांक 09
तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई, 25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त